देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 153 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
माहौल खराब न हो



# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 22 सितंबर 2023



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 23.0°

66230.24

2 सवालों से बचते दिखे कनाडाई पीएम

7 शैफाली वर्मा की चोट ने बढ़ा दी चिंता

# कनाडा बन चुका है आतंकियों का सुरक्षित पनाहगाह

## ट्रूडो के झूठ पर प्रचंड गुस्से में भारत, दूतावास के कर्मचारी कम होंगे, कनाडा के नागरिकों की एंट्री पर रोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। खालिस्तान अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच गतिरोध बढ़ता जा रहा है। भारत ने एक बार फिर से कहा है कि कनाडा आतंकवादी गतिविधियों का केंद्र बन चुका है। वहां भारतीय दूतावास के कर्मचारी सुरक्षित नहीं हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को कहा, अगर कोई देश है जिसे अपनी प्रतिष्ठा पर पर ध्यान देने की जरूरत है, तो मुझे लगता है कि यह कनाडा है। आतंकवादियों के लिए, चरमपंथियों के लिए और संगठित अपराध के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह के रूप में कनाडा की प्रतिष्ठा बढ़ी है। मुझे लगता है कि यह एक ऐसा देश है जिसे अपनी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के बारे में चिंता करने की जरूरत है।

### कनाडा के आरोप राजनीति से प्रेरित

भारत का कहना है कि कनाडा सरकार ने जो भी आरोप लगाए हैं वे राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा, ष्मुझे लगता है कि यहां कुछ हद तक पूर्वाग्रह है। उन्होंने आरोप लगाए और उन पर कार्रवाई की है। हमें ऐसा लगता है कि कनाडा सरकार के ये आरोप मुख्य रूप से राजनीति से प्रेरित हैं।



### हमारे दूतावासों को कनाडा में खतराः भारत

कनाडा में वीजा सेवाओं को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, आप इस बात से अवगत हैं कि कनाडा में हमारे उच्चायोग और वाणिज्य दूतावास सुरक्षा खतरों का सामना कर रहे हैं। इससे उनका सामान्य कामकाज बाधित हो गया है। इसी कारण, हमारे उच्चायोग और वाणिज्य दूतावास अस्थायी रूप से (वीजा) प्रोसेस करने में असमर्थ हैं। हम नियमित आधार पर स्थिति की समीक्षा करेंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, कनाडा में (आतंकियों को) सुरक्षित आश्रय प्रदान किया जा रहा है। हम चाहते हैं कि कनाडाई सरकार ऐसा न करे। उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करे जिन पर आतंकवाद के आरोप हैं या उन्हें न्याय का सामना करने के लिए यहां (भारत) भेजें... हमने या तो प्रत्यर्पण अनुरोध या उससे संबंधित सहायता मांगी है। पिछले कुछ वर्षों में हमने कम से कम 20–25 से अधिक व्यक्तियों को लेकर अनुरोध किया है लेकिन हमें बिल्कुल भी नहीं मिली।

**वीजा सेवा पर रोकः** इसी बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कनाडा में वीजा सेवाओं की मौजूदा स्थिति के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आप कनाडा में हमारे उच्चायोग और दूतावासों पर हो रहे सुरक्षा खतरों से अवगत हैं। इसकी वजह से उनका सामान्य कामकाज बाधित हुआ है। ऐसे में हमारे उच्चायोग और वाणिज्य दूतावास अस्थायी रूप से वीजा सेवाओं पर काम करने में असमर्थ हैं। हम नियमित आधार पर स्थिति की समीक्षा करेंगे।

**हमने हमेशा कनाडा को दी अपराधियों की जानकारीः** विदेश मंत्रालय ने आगे कहा, हम चाहते हैं कि अगर कनाडा के पास कोई खास जानकारी है तो वह हमें दिखाई जाए, लेकिन अभी तक हमें कनाडा से कोई विशेष जानकारी नहीं मिली है। हमारी ओर से, कनाडाई धरती पर स्थित व्यक्तियों द्वारा आपराधिक गतिविधियों के बारे में विशिष्ट सबूत कनाडा के साथ साझा किए गए हैं लेकिन उन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### अमेरिका की भारत को सलाह, कनाडा की जांच में करें सहयोग

भारत और कनाडा के बीच बढ़ते इस विवाद पर अब अमेरिका का बयान आया है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन्ने वाट्सन ने कहा है कि वे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के लगाए आरोपों को लेकर बहुत चिंतित हैं। अमेरिका ने खालिस्तानी आतंकियों की ओर से दी जा रही जान से मारने की धमकी पर कुछ नहीं कहा। अमेरिकी प्रवक्ता ने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि कनाडा की जांच आगे बढ़े और इसके दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए। इससे पहले कनाडा में सिख अलगाववादी नेता की हत्या में 'भारत सरकार के एजेंट का हाथ' होने के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के 'आरोपों' की जांच के बीच वहां की सरकार ने शीर्ष भारतीय राजनयिक को देश ने निष्कासित कर दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### शुक्रवार और शनिवार को नहीं चलेगी दून एक्सप्रेस

**संवाददाता** देहरादून। रेलवे प्रशासन द्वारा मुरादाबाद मण्डल अन्तर्गत सहारनपुर–मुरादाबाद रेल खण्ड के चकराज मल स्टेशन पर नॉन–इण्टरलॉक कार्य किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित गुप्ता ने बताया कि नॉन इंटरलॉक के कार्य के चलते काठगोदाम और देहरादून के बीच चलने वाली दून एक्सप्रेस 22, 23 सितंबर को निरस्त रहेगी।

### श्री एकन्या फैक्ट्री के बॉयलर में देर रात धमाका, 17 श्रमिक झुलसे

**संवाददाता** रुड़की। मंगलोर के मुड़ियाकी गांव के पास श्री एकन्या (पुराना नाम गायत्री स्टील) फैक्ट्री के बॉयलर में बुधवार रात 12 बजे धमाका हो गया। जिसमें 17 श्रमिक झुलस गए। घायल मुजफ्फरनगर देवरिया और बिजनौर के निवासी हैं। फैक्ट्री प्रबंधन ने प्रशासन पुलिस को सूचना दिए बिना ही घायल को मुजफ्फरनगर, मेरठ दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया है।

# भाजपा महिलाओं को स्थान देने में हमेशा रहती है अग्रसर: नड्डा

## कांग्रेस को जवाब, वायनाड, अमेठी और रायबरेली सीट को आरक्षित कर दें तो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बिना परिसीमन की प्रक्रिया अपनाए तुरंत महिला आरक्षण लागू करने की मांग कर रही कांग्रेस को राज्यसभा में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तार्किक व वैधानिक उत्तर दिया। आरक्षण लागू करने की संवैधानिक प्रक्रिया समझाते हुए जेपी नड्डा बोले कि हमें महिलाओं को आरक्षण देना है, लेकिन सरकार यह तय नहीं कर सकती कि किस सीट पर आरक्षण दिया जाए और किस पर नहीं। इसका निर्णय न्यायिक विधि से होगा।

**नड्डा ने आरक्षण लागू करने की मांग को बताया निरर्थकः** कांग्रेस पर तंज के अंदाज में नड्डा बोले–श्हम सरकार में हैं। वायनाड, अमेठी, रायबरेली या कलबुर्गी को आरक्षित कर दें तो? महिला आरक्षण विधेयक पर राज्यसभा में चर्चा के दौरान जेपी नड्डा ने कहा कि यह विषय लंबे समय से चल रहा था, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निर्णायक मोड़ पर लेकर आए हैं। नड्डा बोले कि आरक्षण देकर हम महिलाओं पर कोई अहसान नहीं कर रहे, बल्कि उन्हें सशक्त करने और सम्मान देने के लिए कर रहे हैं।

नड्डा ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य राजनीतिक लाभ लेने का नहीं, बल्कि सही मायने में महिलाओं का सशक्तिकरण करने का है। यदि राजनीतिक लाभ लेना होता तो कह देते कि अभी से लागू कर देते हैं। इस पर सदन में खड़े होकर टिप्पणी कर रहे कांग्रेस सांसदों पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने तंज कसा– आज नो–नो कर रहे हैं, इसीलिए आपको उधर बैठा दिया।

### राहुल गांधी पर तंज- व्यूटर से नहीं बनते लीडर

जेपी नड्डा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा लोकसभा में उठाए गए 90 में से सिर्फ तीन ओबीसी वर्ग के सचिव के मुद्दे का भी जवाब दिया। कहा– काका कालेलकर रिपोर्ट नेहरू जी के समय की थी, वह कहां पड़ी थी? मंडल कमीशन की रिपोर्ट इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के समय की थी, उसका क्या किया? 1992 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप सर्विस में ओबीसी को आरक्षण दो, 1995–96 में एससी–एसटी और ओबीसी कैटेगरी सर्विस में जुड़ी।

# निज्जर के बाद कनाडा में मारा गया भारत का एक और दुश्मन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ओटावा। भारत और कनाडा के बिगड़ते रिश्तों के बीच कनाडा में एक और गैंगस्टर सुखदूल सिंह उर्फ सुक्खा दुनिके गोली मारकर हत्या कर दी गई है। वो खालिस्तानी समर्थक अर्शदीप सिंह का करीबी था।


जानकारी के मुताबिक, अज्ञात हमलावरों ने सुक्खा दुनिके की हत्या की है। सुक्खा एनआईए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था। कनाडा से वो भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देता था। साल 2017 में वो भारत से कनाडा भाग गया था। बता दें कि अभी तक किसी गैंग ने उनकी हत्या की जिम्मेदारी नहीं ली है। डुनेके मोगा जिले के दविंदर बंबीहा गिरोह का हिस्सा था। उसके खिलाफ पंजाब और आसपास के राज्यों में हत्या और अन्य जघन्य अपराधों के 20 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**एनआईए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल आतंकीः** एनआईए के अनुसार फोटोग्राफ में दिखाए गए व्यक्ति आरसी–38/2022/एनआईए/डीएलआई और आरसी–39/2022/एनआईए/डीएलआई की जांच में वांछित हैं।

### मोस्ट वांटेड

- गैंगस्टर सुक्खा ढेर, एनएआई की मोस्ट वांटेड लिस्ट में था

**लारेंस बिश्नोई ने ली हत्या की जिम्मेदारी**



कनाडा में गैंगस्टर सुक्खा की हत्या के मामले में लारेंस बिश्नोई के नाम से संचालित फेसबुक आईडी से जिम्मेदारी ली है। सुक्खा, लारेंस में एंटी ग्रुप का वांटेड बदमाश था।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# पाकिस्तान में चुनाव की तारीखों पर संशय खत्म

### ईसी ने की घोषणा जनवरी 2024 में होंगे इलेक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आम चुनावों की तारीखों की ऐलान हो गया है। चुनाव आयोग ने गुरुवार को घोषणा की कि देश में आम चुनाव जनवरी 2024 के आखिरी सप्ताह में होंगे। एक बयान में, चुनावी आयोग ने कहा कि उसने निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर काम की समीक्षा की और निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिए प्रारंभिक सूची 27 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी।

चुनाव आयोग ने कहा कि सूची के संबंध में आपत्तियों और सुझावों को सुनने के बाद 30 नवंबर को अंतिम सूची जारी की जाएगी। आयोग ने कहा कि जनवरी 2024 के आखिरी हफ्ते में चुनाव होंगे। पाकिस्तान में नेशनल असेंबली के विघटन के 90 दिनों के भीतर आम चुनाव होने हैं, जिसे 9 अगस्त को समय से पहले भंग कर दिया गया था।

पिछली सरकार ने अपने कार्यकाल की समाप्ति से कुछ ही दिन पहले घोषणा की थी कि चुनाव नई जनगणना पूरी होने और नई निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएं तय होने के बाद ही हो सकते हैं।

# गलत आरोप लगा दिया अब जवाब तो दो...

आरोप

## भारतीय पत्रकार ने पूछा सवाल तो बचते दिखे कनाडाई पीएम ट्रूडो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

यूनाइटेड नेशंस। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर गलत आरोप तो लगा दिया है, लेकिन उनसे अब जवाब देते नहीं बन रहा है। खालिस्तानी समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर ट्रूडो ने भारत पर आरोप लगाए थे। हालांकि, अब वो सवालों से बच रहे हैं। भारतीय पत्रकार के सवाल पर ट्रूडो चुप्पी साधते दिखे। दरअसल, ट्रूडो न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के मुख्यालय पहुंचे थे। वह यहां दो अलग–अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेने आए थे। इस दौरान समाचार एजेंसी की पत्रकार ने ट्रूडो से उनके गलत आरोपों को लेकर सवाल पूछा था। हालांकि, ट्रूडो पत्रकार के सवाल का जवाब दिए बिना ही आगे बढ़ गए। ट्रूडो से जब दोबारा सवाल पूछा गया तो वह तब भी इससे बचते दिखे। बता दें कि भारत ट्रूडो के आरोपों को खारिज कर चुका है।



**भारत ने जारी की एडवाइजरी** ट्रूडो के आरोपों के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ रहा है। लिहाजा भारत ने बुधवार को कनाडा में रह रहे भारतीयों के लिए एक एडवाइजरी जारी की थी। एडवाइजरी में कहा गया कि कनाडा में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों, राजनीतिक रूप से प्रेरित घृणा अपराध और आपराधिक हिंसा की वजह से वहां रहने वाले सभी भारतीय या वहां जाने को तैयार भारतीय बहुत ज्यादा सतर्कता बरतें। इससे एक दिन पहले कनाडा ने भी भारत जाने वाले अपना नागरिकों को एडवाइजरी जारी कर सतर्क रहने को कहा था।


**कनाडा के राजदूत को निकाला:** इससे पहले कनाडा के पीएम की तरफ से वहां की संसद में भारतीय एजेंसियों पर लगाए गए आरोप को भारत सरकार पहले ही बेतुका करार दे चुकी है। भारत ने कनाडा के एक वरिष्ठ राजनयिक को नई दिल्ली स्थित उच्चायोग से निष्कासित भी कर दिया था। भारत के एक्शन से पहले कनाडा ने एक भारतीय राजनयिक को निष्कासित किया था।

**खालिस्तानी आतंकी की धमकी पर कनाडा के हिंदुओं की खरी-खरी:** भारत और कनाडा खराब होते रिश्तों के बीच खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कनाडा में रह रहे हिंदुओं को देश छोड़ने की धमकी दी है। पन्नू की धमकी को लेकर कनाडा के हिंदुओं ने जस्टिन ट्रूडो सरकार को चिट्ठी लिखी है।

चिट्ठी में पन्नू के बयानों को हेट क्राइम घोषित करने की अपील की गई है और उसके बयानों पर चिंता जताई गई है। कनाडा के हिंदू संगठन हिंदू फोरम कनाडा ने गुरपतवंत सिंह पन्नू के बयानों पर चिंता जताते हुए मिनिस्टर ऑफ पब्लिक सेफ्टी डोमिनिक लेब्लेन को चिट्ठी लिखी। चिट्ठी में पीएम जस्टिन ट्रूडो और एनडीपी नेता जगमीत सिंह से गुरपतवंत सिंह पन्नू की धमकी को हेट क्राइम घोषित करने की मांग की गई है। सोशल मीडिया पर एक घृणित वीडियो के प्रसार से हमारी चिंता और बढ़ गई है।

## न्यूज डायरी





### अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दौड़ में विवेक रामास्वामी दूसरे स्थान पर पहुंचे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दौड़ में भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी अब दूसरे स्थान पर चल रहे हैं, जबकि पहले स्थान पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाड ट्रंप चल रहे हैं। सीएनएन के सर्वे सर्वेक्षण के मुताबिक, कभी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुख्य प्रतिद्वंद्वी रहे फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस विवेक रामास्वामी से अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों में पीछे चल रहे हैं। सर्वे के मुताबिक, ट्रंप देश के पहले जीओपी प्राथमिक वोटरों के 39 प्रतिशत की पहली पसंद बने हुए हैं। समाचार चैनल ने बताया, ष्यह राष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रदर्शन से थोड़ा पीछे है, जहां रिपब्लिकन प्राथमिक वोटिंग में नियमित रूप से ट्रंप को बहुमत का समर्थन मिलता है। हैरानी की बात यह है कि रॉन डेसेंटिस लगातार नीचे खिसक रहे हैं। वह दो भारतीय–अमेरिकी उम्मीदवारों उद्यमी विवेक रामास्वामी और दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली से पीछे चल रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में रामास्वामी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

### यूक्रेन ने किया क्रीमिया और काला सागर पर हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस और यूक्रेन के युद्ध को 1 साल से अधिक हो चुका है, लेकिन ये युद्ध अभी भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं, रूस ने गुरुवार को कहा कि उसने मॉस्को से जुड़े क्रीमिया प्रायद्वीप और आसपास के काला सागर के ऊपर रात भर में 19 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, मॉस्को के रक्षा मंत्रालय ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर कहा कि मानव रहित हवाई वाहनों के साथ यूक्रेन के हमले के प्रयास को विफल कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि अलग–अलग हमलों में तीन अन्य न्ट ड्रोन भी मार गिराए गए हैं। मंत्रालय ने कहा, वायु रक्षा प्रणालियों ने काला सागर और क्रीमिया गणराज्य के क्षेत्र में 19 यूक्रेनी न्ट को नष्ट कर दिया और कुर्स्क, बेलगोरोड और ओर्योल क्षेत्रों में एक–एक को नष्ट कर दिया। बेलगोरोड और कुर्स्क क्षेत्र पूर्वी यूक्रेन की सीमा पर हैं, जबकि ओर्योल राजधानी के करीब है। रूस के पूरे हमले के दौरान क्रीमिया को यूक्रेन द्वारा निशाना बनाया गया है, लेकिन वहां हमले हाल ही में तेज हो गए हैं क्योंकि कीव ने काला सागर प्रायद्वीप पर फिर से कब्जा करने की ठान ली है, जिस पर मॉस्को ने 2014 में कब्जा कर लिया था।

### भारतीय मूल के कनाडाई एमपी ने पन्नू को घेरा, ट्रूडो सरकार पर दागे ये सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। कनाडा में रहने वाले हिंदु समुदाय के लोगों पर खालिस्तानी समर्थक नेताओं के जरिए भारत वापस जाने की धमकी दी जा रही है। हालांकि, कनाडा में भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने हिंदू–कनाडाई लोगों से धैर्य रखने की अपील की है। इसके अलावा उन्होंने कनाडा में मौजूद हिंदू समुदाय के लोगों को सतर्क रहने के लिए भी कहा है। सांसद चंद्र आर्य ने खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की जमकर निंदा की है। सांसद ने एक वीडियो संदेश में कहा,ष्कुछ दिन पहले कनाडा में खालिस्तान आंदोलन के नेता और तथाकथित जनमत संग्रह का आयोजन करने वाले सिख फॉर जस्टिस के अध्यक्ष गुरपतवंत सिंह पन्नू ने हिंदू कनाडाई लोगों पर हमला किया और हमें कनाडा छोड़ने और भारत वापस जाने के लिए कहा। उन्होंने आगे कहा, मैंने कई हिंदू–कनाडाई लोगों से सुना है कि वे गुरपतवंत सिंह पन्नू के बयान के बाद भयभीत हैं।

### खालिस्तानियों से बातचीत करना चाहता था भारत, ट्रूडो ने लगाया अड़ंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। भारत–कनाडा के बीच विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। भारत और कनाडा दोनों ने ही एक दूसरे के राजनयिकों को निष्कासित कर दिया है। इस बीच एक दावा किया जा रहा है कि भारत सरकार खालिस्तान समर्थकों के साथ बातचीत करने में लगी थी। लेकिन जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली कनाडाई सरकार ने इसे बाधित किया, जो चिंता बढ़ाने वाला है। कनाडा के एक कमेंटेटर ने खुलासा किया कि ट्रूडो सरकार खालिस्तानियों के दबाव में आ गई। राय को बाद में कनाडा में प्रतिबंधित कर दिया गया।

# सूर्य से नासा के स्पेसक्राफ्ट की हुई सीधी टक्कर...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के मुताबिक पार्कर सोलर प्रोब ने सूर्य का अध्ययन करने के लिए सौर वायुमंडल में प्रवेश किया। इस दौरान वह एक शक्तिशाली कोरोनल मास इजेक्शन में फंस गया। उसने इस प्रभाव का वीडियो भी कैप्चर किया है। पार्कर सोलर प्रोब 5 सितंबर 2022 को जब सूर्य के करीब से गुजरा था, तो उसने इस घटना को देखा। इसका एक वीडियो भी नासा ने जारी किया, जिसमें दिख रहा है कि सूर्य से निकले ब्उम से बचकर वह निकला है।

नासा के मुताबिक इस दौरान प्रोब बच गया। वह अब तक के सबसे शक्तिशाली सीएमई के करीब से गुजरा है। यह इंजीनियरिंग की एक प्रभावशाली उपलब्धि तो दिखाता ही है। इसके साथ ही यह वैज्ञानिक समुदाय के लिए बड़ा वरदान है। अपने सौर चक्र के दौरान सूर्य में गतिविधियां बढ़ जाती हैं। इसे सोलर मैक्सिमम कहते हैं। इस दौरान सूर्य पर चुंबकीय क्षेत्र अपने सबसे निचले स्तर पर होता है, जो पृथ्वी के लिए अच्छा नहीं हैं। क्योंकि चुंबकीय क्षेत्र एक ढाल की तरह काम करता है, जो सोलर रेडिएशन, सौर ज्वालाओं और कोरोनल मास इजेक्शन को रोकता है। नासा के मुताबिक सनस्पॉट वह क्षेत्र हैं, जो सूर्य की सतह पर काले दिखाई देते हैं।



## जापान ने चांद पर भेजा खिलौने वाला रोवर, गेंद की तरह दिखता है रोबोट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। भारत के चंद्रयान तीन की कामयाबी के बाद अब जापानी स्पेस एजेंसी JAXA चांद को फतह करने की तैयारी में है। 2024 की शुरुआत में जाक्सा चांद पर पहुंचने की योजना में है। इस मिशन का एक महत्वपूर्ण घटक एक अजीब तरह का दिखने वाला रोबोट है, जो एक टेनिस बॉल जैसा लगता है। हालांकि कुछ इसे स्टार वार्स फिल्म का रोबोट बता रहे हैं। हाल ही में जाक्सा ने स्लिम मिशन लॉन्च किया है। इस मिशन के जरिए यह अजीबोगरीब रोबोट भी भेजा गया है, जिसका नाम लूनर एक्सकर्सन व्हीकल 2 है। लेवल–2 को 2 मीटर की ऊंचाई से चंद्रमा पर लॉन्च किया जाएगा, जिसके बाद से इसका मिशन शुरू होगा। इसकी विशेषता है कि इसके दोनों हिस्से अलग–अलग चल सकते हैं। चांद की मिट्टी के जरिए यह चलेगा।

# भारत को रोशन करेगा दोस्त नेपाल, ड्रैगन को बड़ा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड 23 सितंबर को चीन की आधिकारिक यात्रा जा रहे हैं। प्रचंड 7 दिनों तक चीन में रहेंगे और इस दौरान उनका चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से लेकर कई शीर्ष नेताओं से मिलने का कार्यक्रम है। प्रचंड के साथ उनकी बेटी गंगा और विदेश मंत्री एनपी सौद समेत कई बड़े मंत्री भी चीन जा रहे हैं। प्रचंड की इस चीन यात्रा से ठीक पहले भारत और नेपाल के बीच बिजली को लेकर बड़ा समझौता हुआ है।

भारत और नेपाल के अधिकारी दोनों देशों के बीच बिजली के व्यापार को बढ़ाने पर सहमत हुए हैं और इसके लिए कई ट्रांसमिशन कॉरिडोर खोला जाएगा।

### भारत और नेपाल के बीच बिजली को लेकर बड़ा समझौता हुआ

रिपोर्ट के मुताबिक संयुक्त तकनीकी कमिटी की 14वीं बैठक में धालकेबार–मुजफ्फरपुर ट्रांसमिशन लाइन के जरिए बिजली के व्यापार को बढ़ाने पर सहमति बनी है। इसके अलावा निर्माणाधीन सीमापार बिजली की लाइनों के काम में तेजी लाने पर सहमति बनी है ताकि बिजली के व्यापार को तेज किया जा सके। समझौते के मुताबिक धालकेबार–मुजफ्फरपुर ट्रांसमिशन लाइन के जरिए 800 मेगावाट को बढ़ाकर 1000 मेगावाट तक करने पर सहमति बनी है।

**चीन ने भारत–नेपाल डील पर कसा था तंज:** दोनों देश नौतरवा–मैनैया लाइन को अक्टूबर तक पूरा करने पर सहमत हुए हैं। इसका इस्तेमाल बिजली के आयात और निर्यात करने के लिए किया जा सकता है। भारत के साथ इस ताजा समझौते के जरिए नेपाल की कोशिश है कि बिजली के निर्यात को बढ़ाया जा सके। भारत सरकार ने नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड की नई दिल्ली यात्रा के दौरान वादा किया था कि उनका देश अगले 10 साल में 10 हजार मेगावाट बिजली नेपाल से खरीदेगा। वहीं खराब सीमापार ट्रांसमिशन लाइन की वजह से इसमें बाधा आ रही है। नेपाल के अंदर भी ट्रांसमिशन लाइन ठीक नहीं है।

### यूक्रेन ने किया क्रीमिया और काला सागर पर हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस और यूक्रेन के युद्ध को 1 साल से अधिक हो चुका है, लेकिन ये युद्ध अभी भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं, रूस ने गुरुवार को कहा कि उसने मॉस्को से जुड़े क्रीमिया प्रायद्वीप और आसपास के काला सागर के ऊपर रात भर में 19 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, मॉस्को के रक्षा मंत्रालय ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर कहा कि मानव रहित हवाई वाहनों के साथ यूक्रेन के हमले के प्रयास को विफल कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि अलग–अलग हमलों में तीन अन्य UAV ड्रोन भी मार गिराए गए हैं। मंत्रालय ने कहा, वायु रक्षा प्रणालियों ने काला सागर और क्रीमिया गणराज्य के क्षेत्र में 19 यूक्रेनी UAV को नष्ट कर दिया और कुर्स्क, बेलगोरोड और ओर्योल क्षेत्रों में एक–एक को नष्ट कर दिया। बेलगोरोड और कुर्स्क क्षेत्र पूर्वी यूक्रेन की सीमा पर हैं, जबकि ओर्योल राजधानी के करीब है।

## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सोनप्रयाग पार्किंग में ओवर रेटिंग के आरोपों की होगी जांच

**निर्देश**

## पार्किंग संचालक जीके इंटरप्राइजेज पर लगे ओवर रेटिंग के आरोप

- जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार ने दिए आरोपों के जांच के निर्देश
- अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत द्वारा की जाएगी जांच

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। जिला प्रशासन को सोनप्रयाग जीके इंटरप्राइजेज द्वारा संचालित पार्किंग में ओवर रेटिंग करते हुए अतिरिक्त शुल्क वसूले जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। जिसका जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित फर्म की जांच के निर्देश दिए हैं। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत पूरे मामले की जांच करेंगे। यदि जांच में संबंधित पार्किंग संचालक द्वारा अतिरिक्त धनराशि की वसूली करने की बात पुष्टि होती है तो संचालन शुरू होने से वर्तमान तक जो भी ओवर रेटिंग की गई है, उस धनराशि की वसूली संबंधित पार्किंग संचालक से की जाएगी। यदि उनके द्वारा उक्त



धनराशि समय पर जमा नहीं किया जाता है तो आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चत करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन यात्रियों को जायज दाम एवं तय मानकों पर सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है, इसमें अगर किसी स्तर पर लापरवाही बरती जाएगी तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सोहन सिंह ने अवगत कराया कि श्री केदारनाथ धाम यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव सोनप्रयाग में यात्रियों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन की ओर से तैयार वाहन पार्किंग संचालक पर ओवर रेटिंग के आरोप लगे हैं। प्रशासन को मिली शिकायत के अनुसार प्रशासन की ओर से तय मानक एवं दामों से ज्यादा वसूली की जा रही है। सोनप्रयाग स्थिति पार्किंग जिला पंचायत रुद्रप्रयाग के अधीन है, इसके लिए प्रतिवर्ष यात्रा के दौरान टेंडर के माध्यम से पार्किंग संचालन का मौका बाह्य कंपनी को दिया जाता है। इस वर्ष जीके इंटरप्राइसेज को यह काम मिला है। जिला पंचायत रुद्रप्रयाग द्वारा निर्धारित शुल्क जीएसटी सहित लिया जाना तय है, जो 12 घंटे अथवा पार्ट टाइम हेतु अधिकतम तय किया गया है। जिसमें लोडर वाहनों जिसमें चार टायर से अधिक वाले वाहन शामिल हैं, उनके लिए 200 रूपये, बस एवं ट्रक हेतु 150 रूपये, ट्रैक्टर, ट्रॉली एवं टैंकर हेतु 120 रूपये, कार एवं जीप हेतु 100 रूपये, स्कूटर, मोटर साइकिल आदि दुपहिया के लिए 50 रूपये और साइकिल के लिए 20 रूपये प्रति वाहन प्रति 12 घंटे का रेट तय है।

शिकायत के अनुसार जीएसटी के नाम पर पार्किंग संचालक द्वारा अतिरिक्त शुल्क वसूला जा रहा है। उन्होंने अवगत करवाया है कि पार्किंग में ओवर रेटिंग की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी ने इस पर तुरंत जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उनके द्वारा त्वरित जांच शुरू की जा रही है।

## न्यूज डायरी

### बहुविशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

**संवाददाता** चमोली। आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़े के तहत जनपद के हेल्थ एवं वैलनेस केंद्र से संदर्भित लाभार्थी मरीजों के चिकित्सा लाभ मुहैया कराने के लिए हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय बेस चिकित्सालय श्रीनगर गढ़वाल के विशेषज्ञ चिकित्सकों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोशीमठ में बहुविशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 770 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें स्त्री रोग के 59, बाल रोग 59 फिजिशियन 163, अस्थि एवं हड्डी रोग के 143, नाक कान गला के 84, चर्म रोग 39, दंत रोग 25, नेत्र रोग 50, शल्यक 62, तथा मनोरोग के 47 लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया। चिकित्सा शिविर में डॉ कलम सिंह बुटोला विशेषज्ञ जनरल मेडिसिन, डॉक्टर अनिल कुमार ऑर्थोपिडिक सर्जन, डॉक्टर रतन सिंह डर्मेटोलॉजिस्ट, डॉक्टर आशीष ईएनटी सर्जन सहित स्थानीय जनता उपस्थित रही।

### छोटी हल्द्वानी में पहली बार गणेश महोत्सव का शुभारंभ

**संवाददाता** कालाढूंगी। जिम कॉर्बेट के गांव छोटी हल्द्वानी में ग्रामीणों के सहयोग से पहली बार आयोजित गणेश महोत्सव का गुरुवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। देवी मंदिर से भगवान गणेश की मूर्ति के साथ आरंभ हुई कलश यात्रा गांव के ही दूसरे देवी मंदिर में पहुंची, जहां विधिवत मूर्ति स्थापित की गई। महोत्सव के तहत 23 सितम्बर तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की श्रंखला आयोजित होने के बाद 24 को मूर्ति विसर्जन होगा। इस दौरान कमल बोहरा, प्रकाश छिमवाल, मोहन पांडे, गितेश गुर्रो, राजकुमार पांडे, रोहित बुढलाकोटी, वीरेंद्र बिष्ट, रमेश बेलवाल, तारा दत्त कत्यूरा, जनार्दन पांडे, अशोक प्रजापति, इंदर बिष्ट आदि रहे।

### अरिहंत हॉस्पिटल के सहयोग से जीएमएफ लाया पैन इंडिया हेल्थकेयर लंगर सेवा

**संवाददाता** देहरादून। ग्लोबल मिडास फाउंडेशन (जीएमएफ) स्वास्थ्य सेवा से जुड़े सामाजिक कार्यों के लिए अरिहंत अस्पताल, देहरादून से गठजोड़ किया है। जीएमएफ के संस्थापक सरदार इंदर प्रीत सिंह ने बताया कि इस गठजोड़ के बाद फाउंडेशन को स्वास्थ्य जांच शिविर, नेत्र जांच शिविर, रियायती दरों पर स्वास्थ्य परामर्श, परीक्षण, निदान, उपचार और सर्जरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने में आसानी होगी। अब फाउंडेशन को अरिहंत अस्पताल की सुविधाएं, सर्वोत्तम विशेषज्ञ, अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी डॉक्टरों और प्रबंधन टीम का साथ मिलेगा। किडनी प्रत्यारोपण और डायलिसिस के लिए के लिए प्राथमिकता के साथ 20 प्रतिशत छूट भी दी जाएगी।

## डेंगू की रोकथाम को समस्त विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश

**संवाददाता** पौड़ी गढ़वाल।' डेंगू की रोकथाम हेतु जिलाधिकारी डॉ0 आशीष चौहान ने समस्त विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। उन्होंने समस्त नगर निकायों को नियमित रूप से गली-मोहल्लों में फॉगिंग करने के साथ ही जगह-जगह में जमा पानी को हटाने के निर्देश भी दिये हैं। जिलाधिकारी स्वयं भी डेंगू की रोकथाम हेतु निरंतर रूप से निगरानी बनाये हुए हैं।

जिलाधिकारी ने जनपद में डेंगू की रोकथाम के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही उन्होंने भीड़ वाले स्थान सब्जी मंडी, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, पार्क, मेला आयोजन स्थल सहित अन्य स्थानों में नियमित रूप से साफ-सफाई व डेंगू निरोधात्मक कार्यवाही निरन्तर सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने समस्त विभागों को भी अपने-अपने कार्यालय परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने जिस गली-मोहल्ला में डेंगू की पुष्टि होती है तो उस स्थान को कन्टेनमेंट जोन बनाना सुनिश्चित करें। वर्तमान में जनपद में डेंगू के 125 केस सक्रिय हैं। अभी तक कुल 285 डेंगू के केस सामने आये हैं, जिनमें 160 स्वस्थ हो चुके हैं। आज कोटद्वार में 23 व श्रीनगर क्षेत्र में 20 डेंगू के केस मिले हैं।



## पाडुली में धान की फसल पर किया क्रॉप कटिंग प्रयोग

**संवाददाता** चमोली। अपर जिलाधिकारी डा अभिषेक त्रिपाठी ने कृषि उत्पादन के आंकलन हेतु गुरुवार को राजस्व ग्राम पाडुली में धान की फसल पर क्रॉप कटिंग प्रयोग किया। राजस्व विभाग की टीम ने काश्तकार भक्तदर्शन एवं बिजेन्द्र के धान के खेत में 30-30 वर्गमीटर के प्लाट बनाकर नियमानुसार क्रॉप कटिंग कर उत्पादन के आंकडे एकत्रित किए। निर्धारित आकार के प्लाट में क्रमशः 5.5 किग्रा एवं 6.2 किग्रा धान का उत्पादन प्राप्त हुआ। क्राप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही जिले में फसलों के औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े तैयार किये जा रहे हैं। क्रॉप कटिंग के दौरान राजस्व उप निरीक्षक नीरज,अपर सांख्यिकी अधिकारी कुसुमा एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# सरकारी एवं निजी संस्थानों में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। ''स्वच्छता ही सेवा'' पखवाड़े के तहत जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार के निर्देशन में जनपद में लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। नगर पंचायत, ग्राम पंचायत, शिक्षण संस्थानों समेत सरकारी एवं निजी संस्थानों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा केदारनाथ में स्वच्छता कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज कोटमा के छात्र- छात्राओं ने विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। छात्रों के लिए स्कूल की ओर से स्वच्छता पखवाड़े से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी




किया गया। छात्रों ने पोस्टर एवं चित्रकारी के माध्यम से पर्यावरण में स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया।

वहीं राजकीय इंटर कॉलेज देड़ा के छात्र- छात्राओं द्वारा स्कूल परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। छात्रों ने स्कूल के आसपास के क्षेत्र में जाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक भी किया। केदारनाथ घाटी में यात्रा मार्ग से लेकर मंदिर परिसर तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। श्री केदारनाथ धाम में मंदाकिनी एवं सरस्वती नदी में स्वच्छता अभियान चलाया गया, तथा गंगा घाटों की सफाई की गई।

## निगम अफसरों ने कहा डेंगू से बचें, स्कूल बोले कूड़ा नहीं उठता

**संवाददाता** हल्द्वानी। डेंगू की रोकथाम को लेकर नगर निगम में बुलाई गई निजी स्कूलों की एक घंटे की बैठक में गुरुवार को शहर की सफाई व्यवस्था का मुद्दा छाया रहा। जहां निगम अफसर स्कूलों से साफ-सफाई रखकर डेंगू से बचने की अपील करते दिखाई दिए वहीं, कई स्कूलों ने निगम की सफाई व्यवस्था पर ही सवाल उठा दिए। कहा कि स्कूल और उसके आसपास का कूड़ा कई दिनों तक नहीं उठ रहा है। इस पर नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने उन्हें सफाई व्यवस्था के लिए तैयार रोस्टर और की जा रही कार्यवाही की जानकारी दी। नगर निगम सभागार में हुई बैठक की अध्यक्षता नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने की। उन्होंने बताया कि बीते दिनों काठगोदाम रेलवे कॉलोनी में डेंगू से दो महिलाओं की मौत हो गई। कॉलोनी का निरीक्षण करने पर वहां पानी के स्टोरेज टैंक के ऊपर उल्टा रखे ढक्कन में लार्वा पनपते मिले। एक घर के आगे पक्षियों के पानी पीने के लिए रखे बर्तन में तक लार्वा मिला।

*अगर हम अपनी ताकत का किसी की भलाई करने में इस्तेमाल नहीं कर सकते, तो वो एक दिन हमारे लिए मुसीबतों का पहाड़ भी खड़ा कर सकती है। -अज्ञात।*



पेज थ्री
www.page3news.in

# माहौल खराब न हो

**हालांकि मौजूदा विवाद पर चीन की तरफ से कहा जा सकता है कि उसके रुख में किसी तरह का बदलाव नहीं आया है और ताजा मैप के जरिए उसने अपने पुराने स्टैंड को ही बस एक बार और स्पष्ट किया है।**

आरती शाह।।

चीन सरकार ने एक बार फिर नक्शा जारी कर ऐसे कई इलाकों पर अपना अधिकार जताया, जो उसके नहीं हैं। इन इलाकों में भारत का समूचा अरुणाचल प्रदेश और अक्साईचिन तो है ही, साउथ चाइना सी और ताइवान के वे इलाके भी हैं, जिन पर अन्य देश दावा करते हैं। हालांकि चीन ने कोई पहली बार इस तरह का दावा नहीं किया है। लेकिन इस बार यह ऐसे समय किया गया है, जब दस दिनों के अंदर भारत की अध्यक्षता में जी–20 की शिखर बैठक में शामिल होने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर खुद चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग भी आये। जाहिर है, भारत की पहली प्राथमिकता अभी यही होगी कि जी–20 बैठक के अजेंडे में शामिल विषयों से अलग अन्य कोई मसला एक हद से ज्यादा न उछले और माहौल इस कदर खराब न हो कि बैठक के नतीजों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बन जाए। शायद यह भी एक वजह रही कि भारत ने हालांकि डिप्लोमैटिक चैनलों के जरिए इस पर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है, लेकिन खुद विदेश मंत्री एस. जयशंकर इसे ज्यादा तवज्जो देते नहीं दिखे। सवाल किए जाने पर उन्होंने इसे निरर्थक बताते हुए इतना ही कहा कि चीन पहले भी ऐसे दावे करता रहा है और यह इसकी पुरानी आदत है। मगर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक कदम आगे बढ़ते हुए यह भी जोड़ा कि ऐसे कदम सीमा से जुड़े सवालों को हल करना और मुश्किल बना सकते हैं।



गौर करने की बात है कि अभी–अभी साउथ अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में हुई ब्रिक्स शिखर बैठक के दौरान चीन के प्रयासों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक नहीं हुई। इसके पीछे एक बड़ी वजह यह बताई जाती है कि एलएसी पर दोनों पक्षों के बीच जारी गतिरोध दूर करने की कोशिशें सफल नहीं हुईं और भारत ने पहले से ही स्पष्ट कर रखा है कि सीमा पर गतिरोध दूर करके 2020 से पहले की यथास्थिति बनाए बगैर दोनों देशों के रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। यह भी महत्वपूर्ण है कि नई दिल्ली में जी–20 शिखर बैठक के दौरान ही नहीं, उससे पहले इंडोनेशिया के जकार्ता में होने वाली आसियान देशों की शिखर बैठक में भी दोनों नेताओं की मुलाकात हो सकती है। हालांकि मौजूदा विवाद पर चीन की तरफ से कहा जा सकता है कि उसके रुख में किसी तरह का बदलाव नहीं आया है और ताजा मैप के जरिए उसने अपने पुराने स्टैंड को ही बस एक बार और स्पष्ट किया है। लेकिन उसे समझना होगा कि चाहे इस तरह से मैप जारी करने की बात हो या भारत के अरुणाचल प्रदेश में आने वाले कुछ इलाकों के नाम बदलने का (जैसा कि उसने इसी साल अप्रैल में किया था), इससे माहौल बिगड़ता है और दोनों देशों के रिश्तों में विश्वास बहाली की प्रक्रिया बाधित होती है।

## ईश्वर की भक्ति

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** एक बहुत बड़े संत दुनिया भर का भर्मण करते हुए वैशाली नगर पहुंचे. राजा तक जब यह बात पहुंची की एक संत जो की बहुत बड़े ज्ञानी महात्मा परुष है वेदों का अच्छा ज्ञान है उनका वैशाली नगर मे आगमन हुआ है. राजा तुरंत संत को अपने महल मे लाया, खूब सेवा की. संत ने राजा से पूछा की किसी बात को लेकर चिंतित जान पड़ते हो राजन, यदि कोई सवाल है मन मे तो पूछ लो. राजन ने अपने सवाल संत जी के सामने रखते हुए कहा. हे ज्ञानी महात्मा! क्या ईश्वर भक्ति जैसे धर्म कर्म का रास्ता अपना कर मोक्ष प्राप्त कर पाना सम्भव है। सच्ची ईश्वर की भक्ति से मोक्ष प्राप्ति होती है, इस कथन मे कितनी सत्यता है यह जानने के लिए आपको सम्पूर्ण ईश्वर भक्ति को विस्तार से समझना होगा।

## संपादकीय

### ग्लोबल असर

ग्लोबल इकॉनमी के लिए भी बुरी खबर है, खासतौर से चीन की अहमियत को देखते हुए। पिछले 10 वर्षों में ग्लोबल जीडीपी में 25 ट्रिलियन डॉलर का इजाफा हुआ। इसमें चीन का योगदान 40 प्रतिशत यानी 10 ट्रिलियन डॉलर का था। चीन दुनिया की सबसे बड़ी मैन्युफैक्चरिंग इकॉनमी है। वह गुड्स का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर भी है। इसके साथ ही वह मेटल्स सहित कई कमोडिटी का सबसे बड़ा कंस्यूमर भी है। हाउसिंग मार्केट का हाल खराब होने से इसमें निवेश करने वाले आम लोगों को बड़ा झटका लगा है। बड़े पैमाने पर राजकोषीय राहत पैकेज जारी करने में एक रिस्क यह भी है कि इससे इन्फ्लेशन का दबाव बढ़ेगा जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ सकती है। कोविड से जुड़ी सख्तियों के चलते चिनफिंग सरकार विरोध प्रदर्शन का सामना कर चुकी है। वह दोबारा ऐसी हालत नहीं चाहेगी। हो सकता है चीन सरकार एक बार फिर पॉलिसी बदले, लेकिन ऐसा लगता नहीं कि समस्या आसानी से सुलझेगी। चीन में ग्रोथ रिबाउंड होने का चांस फिलहाल बहुत कम है। दुनिया में मेटल्स की जितनी खपत होती है, उसका लगभग आधा हिस्सा चीन कंज्यूम करता है। लिहाजा चीन में आर्थिक परेशानी दुनिया में डिमांड सप्लाई का संतुलन हिला सकती है।

हाल यह हो गया है कि चीन ने अब बेरोजगारी के आंकड़े देने बंद कर दिए हैं। डिमांड बढ़ाने के लिए चीन के केंद्रीय बैंक पीपल्स बैंक ऑफ चाइना ब्याज दर घटा रहा है।

# बिगड़ रहे हालात

नीलकंठ मिश्र।।

चीन डिफ्लेशन में फंस गया है। लोग खर्च घटाने लगे हैं, इन्वेस्टमेंट कम होता जा रहा है और बेरोजगारी बढ़ रही है। हाल यह हो गया है कि चीन ने अब बेरोजगारी के आंकड़े देने बंद कर दिए हैं। डिमांड बढ़ाने के लिए चीन के केंद्रीय बैंक पीपल्स बैंक ऑफ चाइना ब्याज दर घटा रहा है। लेकिन इससे बात बनने की कोई उम्मीद नहीं दिख रही। यह दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए भी चिंता की बात है।

चीन में जुलाई के दौरान बैंक लोन ग्रोथ घटकर 14 साल के निचले स्तर पर चली गई। चीन का एक बड़ा प्रॉपर्टी डिवेलपर डिफॉल्ट के कगार पर पहुंच चुका है और एक लाख करोड़ युआन यानी 138 अरब डॉलर के एसेट अंडर मैनेजमेंट वाला वित्तीय संस्थान झोंग्झी एंटरप्राइज ग्रुप कंपनी अपने कई इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट्स पर पेमेंट नहीं कर पाया। इससे चीन की बैंकिंग इंडस्ट्री के गहरे संकट में फंसने का संकेत मिल रहा है। कई बैंकों ने चीन की इकनॉमिक ग्रोथ के अनुमान घटा दिए हैं। चीन ने इस साल 5 प्रतिशत ग्रोथ का टारगेट रखा है, लेकिन जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी का कहना है कि 2023 में चीन 4.8 प्रतिशत ग्रोथ दर्ज करेगा, वहीं बार्कलेज ने ग्रोथ एस्टिमेट घटाकर 4.5 प्रतिशत कर दिया है। यह पहला मौका नहीं है, जब चीन



को इस तरह की गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों को लग सकता है कि पिछले 45 वर्षों में चीन ने लगातार तेज ग्रोथ दर्ज की है, लेकिन ऐसा है नहीं। लगभग हर दशक में ऐसा हुआ है कि पिछले रिफॉर्म्स का या तो असर घटने लगा या फिर उनकी वजह से ही दिक्कत आने लगी। तब पॉलिसी में बदलाव किए गए।

1978 में जो आर्थिक सुधार किए गए, वे कल्चरल रिवॉल्यूशन से हुए आर्थिक नुकसान से उबरने के लिए किए गए। तब उद्यमों को बढ़ावा दिया गया। कृषि उपज भी बढ़ी, लेकिन प्राइस डीकंट्रोल के चलते इंफ्लेशन को हवा मिली।

फरवरी 1989 में इन्फ्लेशन 28 प्रतिशत हो चुकी थी। थियानमेन चौक पर नौजवानों के विरोध प्रदर्शन के पीछे इसका भी हाथ था। इसके बाद प्राइवेट सेक्टर की ग्रोथ को बढ़ावा दिया गया। 1990 में शंघाई स्टॉक एक्सचेंज दोबारा खोला गया। रेनमिबी का अवमूल्यन किया गया। इसके चलते ग्रोथ बढ़ाने में मदद मिली।

2000 के दशक के शुरुआती वर्षों में बड़े पैमाने पर लोन माफ किए गए, सरकारी बैंकों को नई पूंजी मुहैया कराई गई और चीन वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन में शामिल हुआ। इसके चलते ग्रोथ के अगले चरण की राह बनी।

2009 में फाइनैंशल क्राइसिस के चलते जब पश्चिमी देशों में वस्तुओं की डिमांड कमजोर पड़ी, तब चीन ने बड़े पैमाने पर राजकोषीय राहत पैकेज जारी किए। इसके साथ उसने इन्फ्रास्ट्रक्चर और रीयल एस्टेट पर जोर लगाया। इस दौरान चीन ने विदेशी कंपनियों को अपने यहां तमाम सहूलियतें दीं। इन विदेशी कंपनियों के साथ पूंजी तो आई ही, ग्लोबल वैल्यू चेन से चीन गहराई के साथ जुड़ने लगा। इसके साथ ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग में चीन का दबदबा बढ़ा।

साफ है कि समय–समय पर मुश्किलें उभरती रहीं और उनके मद्देनजर चीन अपनी पॉलिसी बदलता रहा। इकॉनमी की खराब हालत को देखते हुए आज भी मांग उठ रही है कि चीन पहले की तरह बड़े पैमाने पर सरकारी खजाने से राहत दे और केंद्रीय बैंक भी इसमें हाथ बंटाए। इससे परंपरागत तौर पर कर्ज के जरिए इन्फ्रास्ट्रक्चर और प्रॉपर्टी में होने वाली ग्रोथ रफ्तार पर आएगी। लेकिन शी चिनफिंग 'स्ट्रैटेजिक फोकस' पर टिके दिख रहे हैं।

### अष्टयोग- 5109

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5108 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### रणनीति तैयार

**मोहन।** हालांकि इसका नमूना 15 अगस्त को ही देखने को मिल गया था, जब राम कथा में पीएम सुनक के दिए भाषण का विडियो संघ व BJP से जुड़े लोगों ने चंद घंटों में ही देश–दुनिया में प्रचारित–प्रसारित कर दिया था। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि ठश्रच ने इसके जरिए चुनावी लाभ उठाने की रणनीति तैयार कर ली है। दरअसल, इस बार संघ और बीजेपी का एक मुख्य टारगेट वह युवा वर्ग भी है, जो कहीं न कहीं राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर कांग्रेस के पाले में आ चुका है। यानी, वह वर्ग जिसे अपने हिंदू होने पर गर्व तो है, लेकिन वह BJP के हिंदुत्व से दूरी बनाए रखना चाहता है। पीएम ऋषि सुनक के जरिए बीजेपी इस युवा वर्ग को यह संदेश देते हुए अपने साथ जोड़ने की कोशिश में है कि ब्रिटिश सभ्यता में पला–बढ़ा इतना शिक्षित और ताकतवर इंसान अगर जय सियाराम का जयकारा लगाने में शर्म नहीं बल्कि गर्व महसूस करता है, तो फिर आप लोग हिंदुत्व से दूरी बनाकर आखिर किसका भला कर रहे हो?





## कपिल शर्मा और मीका सिंह ने ड्रम पर की ऐसी जुगलबंदी

कपिल शर्मा अपनी कॉमेडी से सभी को गुदगुदाते हैं। वो गाते भी हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वो ड्रम बजाने में भी माहिर हैं। उनका ये टैलेंट इस साल गणेश चतुर्थी पर देखने को मिला। उन्होंने अपने श्माईए और पड़ोसी मीका सिंह के साथ ड्रम पर ऐसी जुगलबंदी की कि हर कोई बस देखता रह गया। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कपिल शर्मा शो का नया सीजन कब शुरू होगा, फैंस ये जानने के लिए बेकरार हैं। इस बीच कपिल ने अपने घर में गणपति बप्पा का स्वागत किया। उन्होंने फोटो शेयर कर फैंस को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं। वहीं, मीका सिंह ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया, जिसमें गणेश चतुर्थी पर वो मीका सिंह के साथ ड्रम बजा रहे हैं। दोनों का जोश देखने लायक है। इस वीडियो में कपिल की वाइफ गिन्नी और उनकी बेटी अनायरा भी नजर आ रही हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो कपिल शर्मा अपनी टीम के कुछ मेंबर्स के साथ लाइव टूर पर गए थे। इस बीच उनका फेमस शो श्द कपिल शर्मा शोश टेलिकास्ट नहीं हो रहा है। फैंस इस शो के अगले सीजन का इंतजार कर रहे हैं और इसी के साथ फिर से चर्चा होने लगी है कि क्या सुनील ग्रोवर इस बार कपिल के साथ काम करेंगे!

## चप्पल पहनकर पूजा करने पहुंचीं फराह खान तो लोगों ने लिया आड़े हाथ!

गणेश चतुर्थी 2023 के मौके पर बॉलीवुड से ढेर सारी तस्वीरें देखने को मिली। अनुष्का शर्मा से लेकर अर्पिता खान और शिल्पा शेट्टी ने बप्पा का स्वागत किया। वहीं राजकुमार राव की पत्नी पत्रलेखा ने भी गणपति पूजा रखी। इस दौरान डायरेक्टर फराह खान और हुमा कुरैशी भी पहुंची। मगर इनसाइड फोटो सामने आने के बाद कुछ यूजर्स ने फराह खान को ट्रोल किया। दरअसल एक तस्वीर में वह चप्पल पहने नजर आ रही हैं। तो यूजर्स ने कहा कि मंदिर में चप्पल कौन पहनकर जाता है। इस पर अब डायरेक्टर ने रिएक्ट भी किया है। फराह खान ने खुद ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर पत्रलेखा के घर की फोटोज शेयर की। इस तस्वीर में हुमा कुरैशी, पत्रलेखा और वह नजर आ रहे हैं। फराह ने कैप्शन में बताया कि राजकुमार राव तो इतना बिजी थे कि वह आ ही नहीं पाए। इस फोटो में फराह खान सैंडल पहने नजर आ रही हैं। यूजर्स ने जैसे ही देखा कि वह गणेश चतुर्थी के मौके पर इस तरह चप्पल पहने नजर आ रही हैं। तो लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, श्प्लीज आप अपनी स्लीपर उतार दीजिए। ऐसे गणेश जी के सामने तो मत ही पहनिए।श वहीं एक और यूजर ने ये नोटिस किया तो कमेंट किया, श्पूजा में स्लीपर कौन पहनता है।


## टस्कनी में सेलेना गोमेज के साथ क्या कर रही हैं जैकलीन फर्नांडिस



बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस इन दिनों अपनी एक वायरल फोटो की वजह से चर्चा में हैं। इस फोटो में वो हॉलीवुड की फेमस सिंगर सेलेना गोमेज और कुछ दोस्तों संग चिल करती नजर आ रही हैं। इस फोटो को देख फैंस का सिर चकरा गया है। कोई पूछ रहा है कि ये कबकी तस्वीर है तो कोई ये जानना चाह रहा है कि आखिरी ये दोनों हसीनाएं साथ में क्या कर रही हैं! जैकलीन फर्नांडिस की एक फोटो जैसे ही इंटरनेट पर वायरल हुई, हर तरफ इसकी चर्चा होने लगी। वो इंटरनेशनल सेंसेशन सेलेना गोमेज, ब्लव थ्तंदासपद और अन्य दोस्तों के साथ नजर आ रही हैं। लोग अलग–अलग तरह के कयास लगा रहे हैं कि वे दोनों साथ में क्या कर रही हैं। कुछ तो ये भी पूछ रहे हैं क्या दोनों साथ में काम करने वाली हैं। Caroline Franklin ने कुछ फोटोज को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। ये तस्वीरें टस्कनी की हैं। इन फोटोज में जैकलीन फर्नांडिस के मेकअप आर्टिस्ट ेंद डनजजजीपस भी नजर आ रही हैं। इस पोस्ट पर जैकलीन ने भी कॉमेंट किया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो जैकलीन फर्नांडिस को वेलकम टू द जंगल में देखा जाएगा।

# नहीं कर सकेंगे अनिल कपूर के नाम, तस्वीर और आवाज का इस्तेमाल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*दिल्ली हाई कोर्ट ने एक्टर अनिल कपूर के मशहूर डायलॉग श्झक्कासश समेत उनके नाम, तस्वीर, आवाज और निक नेम श्∟झ्श के इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी है। बुधवार को अदालत का ये फैसला आया। दिल्ली हाई कोर्ट में अनिल कपूर ने याचिका डाली थी, जिसमें उन्होंने मांग की थी कि लोग पैसों के लालच में उनकी विशेषताओं का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे हैं। वह कोर्ट से मांग करते हैं कि उनकी आवाज या किसी भी पॉपुलर किरदार का इस्तेमाल किए जाने पर रोक लगाएं। जस्टिस प्रतिभा एम सिंह की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। जहां सोशल मीडिया चौनलों, वेबसाइटों को अनिल कपूर के नाम, शॉर्ट नेम ∟झ्, अवाज, तस्वीरें के अलावा श्लखनश, श्मिस्टर इंडियाश, श्नायकश जैसे किरदारों और फ्रेज श्झक्कासश का इस्तेमाल करने से रोक लगा दी गई है। अब अगर कोई भी व्यक्ति या संस्थान एक्टर की आवाज या डायलॉग का इस्तेमाल करना चाहता है तो उन्हें पहले अनिल कपूर से परमिशन लेनी पड़ेगी। ठीक ऐसा ही पहले अमिताभ बच्चन ने भी किया था।*

**अनिल कपूर ने क्यों दायर किया था मुकदमा**

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने एक्टर द्वारा कई वेबसाइट और मंचों के खिलाफ दायर एक मुकदमे पर सुनवाई के दौरान यह अंतरिम आदेश दिया। कपूर ने व्यवसायिक लाभ के लिए उनके व्यक्तित्व और सेलिब्रिटी अधिकारों का शोषण का आरोप लगाते



हुए यह मुकदमा दायर किया था।

**अनिल कपूर के वकील ने अदालत में क्या कहा**

अनिल कपूर की ओर से पेश वकील प्रवीण आनंद ने कहा कि कई वेबसाइट और प्लेटफॉर्म एक्टर के नाम, इमेज, डायलॉग, निक नेम और आवाज का धड़ल्ले से दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कैसे एक्टर की तस्वीर का इस्तेमाल करके लोग कोई भी सामान बेच रहे हैं। वह एक्टर के नाम पर फीस वसूल रहे हैं। इतना ही नहीं, अनिल कपूर की तस्वीर के साथ भी छेड़छाड़ हो रही है। ऐसे में वह अदालत से इन सभी चीजों का इस्तेमाल किए जाने पर रोक लगाने की मांग की थी।

**कोर्ट ने अनिल कपूर के मामले पर क्या कहा**

न्यायमूर्ति सिंह ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि अभिव्यक्ति की आजादी सुरक्षित है, लेकिन जब यह "सीमा पार करती है" और किसी के व्यक्तित्व संबंधी अधिकारों को खतरे में डालती है, तो यह गैरकानूनी हो जाती है।

**आंख मूंदकर नहीं बैठ सकती**

अदालत ने कहा, 'वादी के नाम, आवाज, संवाद और तस्वीरों का अवैध तरीके से और आर्थिक उद्देश्य से इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। अदालत किसी के व्यक्तित्व की विशेषताओं के ऐसे दुरुपयोग पर आंख मूंदकर नहीं बैठ सकती। ऐसे में अब से हर किसी को एक्टर के नाम और उनकी विशेषताओं का इस्तेमाल करने से रोका जाता है।'

# नहीं बिकेगा देव आनंद का आलीशान बंगला

*बॉलीवुड एक्टर देव आनंद के बंगले को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। देव आनंद के भतीजे ने बताया कि एक्टर के बंगले को नहीं बेचा जा रहा है और न ही उनके इस बंगले पर 22 मंजिला टावर बनाया जाएगा। उन्होंने घर बिकने वाली खबरों को सरासर गलत बताया है।*



खबरें आई थीं कि दिवंगत एक्टर देव आनंद का 73 साल पुराना जुहू वाला बंगला बिकने वाला है। इसे रियल एस्टेट कंपनी ने 400 करोड़ की डील में खरीद लिया है और वह इस बंगले को तोड़कर 22 मंजिला टावर बनाने वाले हैं। अब देव आनंद के भतीजे केतन आनंद ने इन खबरों पर रिएक्ट किया है। उन्होंने बताया कि देव आनंद के बंगले को नहीं बेचा जा रहा है। ये खबरें सरासर गलत है। देव आनंद के भाई चेतन आनंद के बेटे ने इस बारे में पूरी डिटेल दी है। केतन आनंद ने बताया कि क्मअ ∣दंदक के घर को तोड़कर 22 मंजिला टावर में नहीं बनाया जाएगा। इतना ही नहीं, केतन आनंद ने ये भी साफ किया कि देव आनंद के परिवार ने इस प्रकार की कोई डील ही नहीं की है। घर बेचने वाली तमाम रिपोर्ट्स झूठी है।

**देव आनंद का घर नहीं बिकेगा, जानिए सच**

इतना ही नहीं, केतन आनंद ने बताया कि उन्होंने देव आनंद और कल्पना कार्तिक के बच्चों से भी इस बारे में बात की है। लेकिन इस तरह का कोई भी फैसला नहीं लिया गया है। वहीं मीडिया ने जब रियल एस्टेट कंपनी से संपर्क करने की कोशिश की तो उन्होंने कोई रिस्पॉन्स नहीं दिया।


**नहीं हुई ४०० करोड़ की देव आनंद के घर की डील**

मालूम हो, मंगलवार को एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि देव आनंद के बेटे सुनील आनंद और बेटी देविना ने इस घर को बेचने का फैसला लिया है। क्योंकि कोई भी इस बंगले की केयर करने वाला नहीं है। दिवंगत एक्टर का बेटा यूएस में रहता है तो बेटी ऊटी में ही रहती हैं। कहा तो ये भी गया था कि देव आनंद की फैमिली ने रियल एस्टेट कंपनी के साथ डील भी कर ली है। करीब 350–400 करोड़ में ये डील हुई है और फिलहाल कागजी काम चल रहा है। लेकिन अब इन खबरों को गलत बताया जा रहा है।

# 650 मिलियन मोटे लोगों के लिए अमृत बना बादाम, काट देगा जिद्दी चर्बी

*अगर आप बढ़ते मोटापे से परेशान हैं और वजन कम करने के आसान उपाय खोज रहे हैं, तो अब आपको बादाम खाने शुरू कर देने चाहिए। एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है कि बादाम वजन कम करने के लिए बेस्ट फूड है। वजन कम करने वाले लोगों को बादाम का सेवन जरूर करना चाहिए क्योंकि बादाम हेल्दी तरीके से वजन कम करते हैं।*





**बादाम से कैसे कम होता है वजन**

शोधकर्ताओं का मानना है कि बादाम जैसे नट्स एक हेल्दी स्नैक है। इनमें प्रोटीन और फाइबर की मात्रा भी ज्यादा होती है। इसके अलावा यह विटामिन और मिनरल्स से भरे हुए हैं और यही वजह है कि इनके सेवन से हेल्दी तरीके से वजन करने में मदद मिलती है।

यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने पाया है कि डाइट में बादाम शामिल करने से न केवल लोगों को वजन कम करने में मदद मिली बल्कि उनके कार्डियोमेटाबोलिक हेल्थ में भी सुधार हुआ। शोधकर्ताओं ने एनर्जी–रिस्ट्रिक्टेड डाइट में बादाम के प्रभाव की जांच की और पाया कि इससे शरीर का लगभग 7 किलो वजन कम हो गया।

**650 मिलियन मोटापे से ग्रस्त**

विश्व स्तर पर, 1.9 बिलियन से अधिक वयस्क अधिक वजन वाले हैं (650 मिलियन मोटापे से ग्रस्त हैं)। अगर आप भी इनमें से हैं, तो बादाम आपके लिए वजन कम करने का सबसे बढ़िया फूड साबित हो सकता है।

**9.3 प्रतिशत बॉडी वेट हो सकता है कम**

शोधकर्ताओं ने 106 लोगों को लेकर किये अध्ययन में पाया कि बादाम जैसे नट्स खाने से शरीर के वजन में लगभग 9. 3ः की कमी आई। नट्स वेट मैनेजमेंट के अलावा कार्डियोमेटाबोलिक हेल्थ के लिए भी बढ़िया फूड है।

**पेट को भरा हुआ रखता है बादाम**

शोधकर्ताओं ने माना है कि बादाम के सेवन से आपका पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहता है। जाहिर है इसका सबसे बड़ा फायदा उस समय होता है, जब आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे होते हैं।

**बादाम के पोषक तत्व**

100 ग्राम बादाम में करीब 580 कैलोरी होती है। इसमें 21.15 ग्राम प्रोटीन, 50 ग्राम फैट, 21.55 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 12.5 ग्राम फाइबर और 4.35 ग्राम शुगर भी शामिल है। बादाम कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटेशियम और विटामिन ई जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं।

## इस बीमारी में अपनों के चेहरे तक भूल जाता है इंसान



अल्जाइमर रोग जीवन को मुश्किल बना देता है। यह मस्तिष्क की एक समस्या है, जिसकी वजह से स्मृति की समस्याएं होती हैं, और लोगों के लिए सोचना एवं अपने दैनिक काम करना मुश्किल हो जाता है। उनकी स्थिति समय के साथ खराब होती चली जाती है, और व्यक्ति अपने परिवार या दोस्तों तक को याद नहीं रख पाता। यह एक न्यूरोलॉजिकल समस्या है, जो मस्तिष्क को प्रभावित करती है। यह डिमेंशिया का सबसे सामान्य रूप है। अल्जाइमर एसोसिएशन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लगभग 7.4ः वयस्क डिमेंशिया का शिकार हैं। डिमेंशिया के पैटर्न भी अलग हैं, इसके पीड़ितों की उम्र, शिक्षा स्तर, लिंग, शहरी या ग्रामीण निवास के अनुसार और भारत में विभिन्न राज्यों के बीच इसमें कई भिन्नताएं देखने को मिलती हैं। पटियाला के मणिपाल हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट की कंसल्टेंट, छपजपज झंचववत झंनीस ने अल्जाइमर रोग के शुरुआती लक्षणों को पहचानें के कुछ तरीके बताए हैं।
अल्जाइमर रोग 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों में देखने को मिलता है। यह समस्या मस्तिष्क में ऐमीलॉइड और टाऊ नामक प्रोटीन के जमने से उत्पन्न होती है, जिससे व्यक्ति की सोचने और याद रखने की क्षमता प्रभावित होती है।

## कब्ज तोड़ने का अचूक उपाय, ट्राय करें ये रामबाण दवा

अगर आप एक हफ्ते में केवल 3 दिन मल त्याग करते हैं, तो आपको कब्ज की समस्या है। कुछ लोगों को एक दिन में कई बार वॉशरूम यूज करने की जरूरत पड़ती है, तो वहीं कुछ लोग सप्ताह में केवल एक या दो बार ही मल त्याग करते हैं। कब्ज एक आम समस्या है जो पाचन तंत्र में मल की धीमी गति के कारण होती है। कब्ज से पीड़ित लोगों को नियमित और आरामदायक मल त्याग करने में कठिनाई होती है। इस समस्या में कई कारक योगदान करते हैं, जैसे पर्याप्त फाइबर न खाना, पर्याप्त पानी न पीना, शारीरिक गतिविधि की कमी, या कुछ दवाएं। इस समस्या के समाधान के लिए, कई लोग दवाओं का सहारा लेते हैं या पानी का सेवन बढ़ा देते हैं। सेलेब्रिट न्यूट्रिशनिस्ट रुजुता दिवेकर ने अपनी एक इंस्टाग्राम रील में ऐसे 3 फूड्स बताए हैं, जिसको खाने के बाद कब्ज जैसी समस्या से निपटने में आसानी होगी। पाचन शक्ति बढ़ाने के लिए दोपहर के भोजन के बाद राबर मात्रा में पिसा हुआ गुड़ और घी मिलाकर खाएं। गुड़ आयरन से भरपूर होता है।

## हद से ज्यादा विटामिन बी12 और प्रोटीन देते हैं ये फूड



आजकल हर इंसान किसी न किसी बीमारी से परेशान है। किसी के बाल झड़ रहे हैं तो कोई कमजोरी का शिकार है। फैटी लिवर, हड्डियों का दर्द, इंफेक्शन, डायबिटीज, हाई कोलेस्ट्रॉल, भूख न लगना, चिड़चिड़ापन का खतरा बढ़ गया है। इन समस्याओं के पीछे विटामिन बी12 और प्रोटीन की कमी हो सकती है। ये दोनों न्यूट्रिएंट शरीर के लिए बहुत ज्यादा जरूरी हैं। इनकी कमी हड्डियों से लेकर मसल्स और दिमाग तक कमजोर बना देती हैं। अगर इन सभी दिक्कतों से आप बचना चाहते हैं तो 5 फूड्स को डाइट में जरूर शामिल करें। ये खाद्य पदार्थ विटामिन बी12 और प्रोटीन एकसाथ देते हैं और हर डेफिशिएंसी से बचाते हैं। जिससे आप जब तक जिएंगे, तबतक मजबूत और ताकतवर रहेंगे, चाहे आपकी उम्र 100 साल क्यों ना हो जाए। दूध सबसे महत्वपूर्ण ड्रिंक है, जिसे बचपन से लेकर बुढ़ापे तक पीना चाहिए। न्ैक्। के मुताबिक (तमि.), हर उम्र में यह प्रोटीन और विटामिन बी12 की कमी से बचाता है। इसमें कैल्शियम भी होता है, जो हड्डियों को ठोस बनाने के काम आता है। हेल्दी फैट्स आपके बाल और स्किन को हेल्दी रखने में मदद करते हैं। यह एक वीगन फूड है, जिसे शुद्ध शाकाहारी से लेकर मांसाहारी तक खा सकते हैं।

# इस वजह से कमजोर हुआ पुरुषों का दिल


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*आजकल हार्ट अटैक के खतरनाक–खतरनाक केस देखने को मिल रहे हैं। जिसमें व्यक्ति चलते–फिरते अचानक गिर जाता है और मृत्यु हो जाती है। दिल का दौरा पड़ने के ज्यादातर मामले पुरुषों के बीच देखने को मिलते हैं। अब एक स्टडी ने इस खतरे के बारे में चौंकाने वाला खुलासा किया है। शोध के मुताबिक, पुरुषों में ऑफिस की वजह से हार्ट अटैक का खतरा डबल हो जाता है। जर्नल ऑफ द अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन में पब्लिश हुए एक पेपर में दावा किया गया है कि जिन पुरुषों को ऑफिस में काम की तारीफ नहीं मिलती, उनमें स्ट्रेस बढ़ जाता है। इस वजह से घातक हार्ट डिजीज का खतरा दोगुना हो सकता है। यह जानकारी टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में दी गई है।*

**ऐसे हुई लेटेस्ट रिसर्च**

कनाडा के शोधकर्ताओं ने करीब 2 दशक तक स्ट्रेस और एफर्ट रिवार्ड इम्बैलेंस के बारे में शोध किया। उन्होंने 6,465 व्हाइट कॉलर जॉब करने वाले मर्दों और पुरुषों पर 18 साल तक अध्ययन किया। इन प्रतिभागियों को दिल की कोई बीमारी नहीं थी, जिनमें से 3118 पुरुष और 3347 महिलाएं थी। जिनकी औसतन उम्र 45 साल थी।

**ERI और नौकरी का संबंध**





Frontiers in Psychology पर मौजूद एक दूसरे शोध में इआरआई के बारे में अच्छी तरह बताया है। इस स्थिति में काम से जुड़ा प्रेशर बढ़ जाता है, क्योंकि ऑफिस में उनकी कोशिशों और काम को पर्याप्त प्रोत्साहन नहीं मिल पाता है। स्टडी की लीड ऑथर ने बताया कि ऐसे माहौल में एम्प्लॉई से हाई क्वालिटी के काम की डिमांड की जाती है, मगर काम पर कंट्रोल कम होता है। उन्होंने इन दोनों चीजों से दिल पर पड़ने वाले असर के बारे में स्टडी की है।

**ये दावा करती है लेटेस्ट स्टडी**

स्टडी ने पाया कि जिन पुरुष प्रतिभागियों को तनावपूर्ण माहौल या कम तारीफ मिली, उनमें दिल की बीमारी का 49 प्रतिशत खतरा बढ़ गया था। जिन पुरुषों को स्ट्रेसफुल वर्क और इआरआई दोनों का सामना करना पड़ा, उन्हें हार्ट डिजीज का खतरा डबल हो गया। हालांकि, शोधकर्ता इन चीजों का असर महिलाओं में मापने में सफल नहीं हो पाए।

**हार्ट अटैक का खतरा**

हार्ट डिजीज के कारण दिल तक पर्याप्त खून नहीं पहुंच पाता। जिसकी वजह से हार्ट अटैक आ सकता है। लीड ऑथर ने कहा कि हम लोग ऑफिस में सबसे ज्यादा वक्त बिताते हैं, इसलिए ये शोध लोगों की हेल्थ को सही रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे हम इन नतीजे पर पहुंचते हैं कि स्ट्रेसफुल वर्क कंडीशन को तुरंत ठीक करके एंप्लाइज के लिए एक हेल्दी माहौल बनाना चाहिए।



2023, वर्ल्ड कप

5 अक्टूबर से शुरू हो रहे अगले वर्ल्ड कप के लिए लॉन्च की गई जर्सी वीडियो में कप्तान रोहित शर्मा देखे जा सकते हैं। नीली जर्सी में एक उल्लेखनीय बदलाव किया गया है। कंधों पर पारंपरिक तीन सफेद धारियों को तिरंगे से बदल दिया गया है, जो राष्ट्रीय गौरव को जोड़ता है। छाती के बाईं ओर बीसीसीआई के लोगो में अब दो सितारे हैं, जो भारत की वनडे विश्व कप जीत का प्रतीक हैं।

## वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की जर्सी का इतिहास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वैसे तो क्रिकेट वर्ल्ड कप की शुरुआत 1975 में हुई, लेकिन बैट–बॉल के इस खेल को असल रंग मिला 1992 में। अब 2023 वर्ल्ड कप के लिए भी भारतीय टीम की जर्सी लॉन्च कर दी गई है। 1992, वर्ल्ड कप में पहली बार जब रंगीन कपड़े पहने गए तो भारतीय टीम ने इंडिगो कलर जर्सी पहनी थी, जिस पर शोल्डर्स पर कलरफुल स्ट्रिप्स बनी हुई थी। 1996, वर्ल्ड कप में 27 साल पहले भारतीय टीम की इस जर्सी में आसमानी और पीले रंग के कॉम्बिनेशन का इस्तेमाल हुआ था। 1999, वर्ल्ड कप में इस विश्व कप में भारतीय टीम की जर्सी का रंग पिछली बार से थोड़ा सा डार्क था। 2003, वर्ल्ड कप में जर्सी के दोनों साइड काले रंग की मोटी पट्टियां बनाई गई थीं। बीच में तिरंगे के ब्रश प्रिंट ने जर्सी में जान डाल दी थी। 2007, वर्ल्ड कप में इस बार जर्सी पिछले हर वर्ल्ड कप के मुकाबले अलग तरह से डिजाइन की गई थी। ब्लू रंग बेहद हल्का कर दिया गया था। 2011, वर्ल्ड कप में इस बार जर्सी का गहरे नीले और हल्के नीले के बीच का था। दोनों साइड तिरंगा स्ट्राइप्स भी थीं। 2015, वर्ल्ड कप में प्लेन ब्लू टीशर्ट पर फ्रंट में ऑरेंज कलर से इंडिया लिखा हुआ था। 2019, वर्ल्ड कप में चटखदार नीले रंग की इस जर्सी में ऑरेंज रंग का भी इस्तेमाल था।

# भारत के खिलाफ पहले वनडे में नहीं खेलेंगे कंगारू टीम के दो खिलाड़ी

क्रिकेट

## भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चंडीगढ़ में पहला वनडे आज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। मोहाली के आई एस बिंद्रा क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया की टीम ने अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया। अभ्यास के लिए दोपहर एक बजे के करीब ऑस्ट्रेलिया की टीम स्टेडियम में पहुंची। इससे पहले प्रेस वार्ता में ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस ने मीडिया से बातचीत में इस सीरीज को वर्ल्ड कप से पहले तैयारी के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि भारत जैसी मजबूत टीम के साथ तीन मैचों की सीरीज को खेल हम बड़े टूर्नामेंट से पहले लय में आना चाहेगी। वहीं सिराज के बारे में पूछने पर पैट कमिंस ने कहा कि अभी हमने सिराज के लिए कोई योजना नहीं बनाई है।

**नहीं खेल पाएंगे टीम के दो अहम खिलाड़ीः** पैट कमिंस ने कहा मोहाली में ऑस्ध्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और गेंदबाज मिचेल स्ध्टार्क चोटिल होने की वजह से मैच में नहीं खेल पाएंगे। वहीं उन्होंने स्टीव स्मिथ के बारे में कहा कि उनकी कलाई में दर्द है, उन्होंने बुधवार को अभ्यास सत्र में बल्लेबाजी की थी। सब ठीक रहा तो वह कल बल्लेबाजी कर सकते हैं।



**भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का स्क्ध्वाड इस प्रकार हैः** पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, जॉश इंग्लिश, स्पेंसर जॉनसन, मार्नश लाबुशेन, मिचल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वॉर्नर और एडम जंपा।

**गेंदबाज बनेंगे काल या बल्लेबाज बरसाएंगे आगः** भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें वनडे सीरीज के तहत वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लिए ड्रेस रिहर्सल मैदान उतरेंगी। ऑस्ट्रेलिया ने इस साल की शुरुआत में भारत को तीन मैचों की सीरीज में 2–1 से हराया था, लेकिन टीम इंडिया एशियाई चैंपियन के रूप में इस सीरीज में आत्मविश्वास से भरी टीम होगी। ऑस्ट्रेलिया ने अपने हालिया वनडे मैच में 2–0 की बढ़त लेने के बाद दक्षिण अफ्रीका से 2–3 से हार गया। दोनों टीमों में दिग्गज सूरमाओं की भरमार है तो मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। शुरुआती दो वनडे के लिए केएल राहुल कप्तान हैं, जबकि रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या जैसे बड़े खिलाड़ी तीसरे वनडे के लिए वापसी करेंगे। इसे सीरीज से कहीं अधिक वनडे वर्ल्ड कप के प्रैक्टिस मैच की तरह देखा जा रहा है। रोहित शर्मा और बड़े खिलाड़ी आराम के बाद जो मैदान पर वापसी करेंगे तो वनडे वर्ल्ड कप खत्म करने के बाद ही मैदान छोड़ेंगे।

# समय से पहले खत्म हो गया इस खिलाड़ी का करियर?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व कप से पहले 22 सितंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज का जिओ सिनेमा अंग्रेजी और हिंदी सहित 11 भाषाओं में प्रसारण करेगा। भारत में होने वाले अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मैचों के मीडिया अधिकार हासिल करने वाले वायाकॉम18 ने यह घोषणा की। मैचों का प्रसारण अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, गुजराती, बंगाली, भोजपुरी, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में किया जाएगा।

कॉमेंटेटरों की लिस्ट में कुछ नाम हैरान करने वाले हैं। लिस्ट में भारत के धाकड़ बल्लेबाज हनुमा विहारी का नाम भी शामिल है। ऑस्ट्रेलिया में चोट के बावजूद टीम के लिए जान ठोक देने वाले इस खिलाड़ी को कॉमेंट्री बॉक्स में देखना थोड़ा निराश करता है। मिडिल ऑर्डर में एक्स फैक्टर माने जाने वाले हनुमा कमबैक की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन इस तरह से माइक संभालना उनके भविष्य के लिए अच्छा नहीं दिख रहा है।

### वनडे सीरीज का प्रसारण स्टार पर नहीं, बल्कि जिओ किया जाएगा


**हनुमा विहारी का टेस्ट करियर** ऐसा नहीं है कि कॉमेंट्री बॉक्स में आने से खेलने का मौका नहीं मिलता, लेकिन माना जाता है कि अब खिलाड़ी का करियर ढलान पर है। हनुमा ने भारत के लिए 16 टेस्ट खेले हैं, जबकि 28 पारियों में उन्होंने 33.56 की औसत से 839 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और 5 अर्धशतक शामिल है। उल्लेखनीय है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला वनडे 22 सितंबर को मोहाली में खेला जाएगा। दूसरा मैच 24 सितंबर को इंदौर तथा तीसरा और अंतिम मैच 27 सितंबर को राजकोट में होगा। वनडे विश्वकप पांच अक्टूबर से शुरू होगा। वायाकॉम 18 ने इस सीरीज के लिए अपने विशेषज्ञ पैनल की भी घोषणा की।

इसमें वर्ल्ड कप विनिंग खिलाड़ी सुरेश रैना, ऑलराउंडर केदार जाधव, पूर्व ओपनर आकाश चोपड़ा, निखिल चोपड़ा, धाकड़ स्पिनर अमित मिश्रा, अनिरुद्ध श्रीकांत, अभिनव मुकुंद, टेस्ट क्रिकेटर हनुमा विहारी, वेंकटपति राजू, सरनदीप सिंह, रीतिंदर सिंह सोढ़ी, राहुल शर्मा, वीआरवी सिंह, पूर्व विकेटकीपर किरण मोरे, सौराष्ट्र के विकेटकीपर शेल्डन जैक्सन, भार्गव भट्ट, जतिन परांजपे, श्रीवत्स गोस्वामी, वीए जगदीश आदि शामिल हैं।

## शैफाली वर्मा की चोट ने भारतीय खेमे की चिंता बढ़ा दी है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ध्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने गुरुवार को एशियन गेम्स 2023 में अपना पहला मैच खेला। भारत और मलेशिया के बीच हांगझू में क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया। मलेशिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया, जो कि पूरी तरह गलत साबित हुआ। भारतीय कप्ध्तान स्मृति मंधाना (27) और शैफाली वर्मा (67) ने टीम को 57 रन की साझेदारी करके शानदार शुरुआत दिलाई।
मंधाना के आउट होने के बाद भी शैफाली वर्मा ने तूफानी अवतार बरकरार रखा। दाएं हाथ की महिला बल्लेबाज ने केवल 39 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के की मदद से 67 रन बनाए। उन्ध्होंने जेमिमा रॉड्रिग्ज के साथ दूसरे विकेट के लिए केवल 47 गेंदों में 86 रन की साझेदारी की। वर्मा और रॉड्रिग्ज जमकर मलेशियाई गेंदबाजों की खबर ले रही थीं। दोनों एक से एक शॉट खेल रही थीं। मगर पारी के 13वें ओवर में जेमिमा ने दमदार शॉट खेला, जो कि सीधे जाकर शैफाली वर्मा के दाएं हाथ की कलाई में लगी। फिजियो ने तुरंत आकर शैफाली का उपचार किया और उन्हें बैंडेज बांधी।

## न्यूज डायरी



### गौतम गंभीर और शाहरुख खान की फोटो सोशल मीडिया पर हुई वायरल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोलकाता नाइटराइडर्स के पूर्व कप्ध्तान गौतम गंभीर ने बॉलीवुड किंग शाहरुख खान से मुलाकात की। भारतीय टीम के पूर्व ओपनर गंभीर ने शाहरुख खान के साथ फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया। गौतम गंभीर और शाहरुख खान का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। गंभीर ने एसआरके के साथ फोटो शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, वो सिर्फ बॉलीवुड के किंग नहीं बल्कि दिलों के भी राजा हैं। हर बार जब हम मिलते हैं तो मैं ढेर सारा प्ध्यार और इज्ध्जत लेकर लौटता हूं। आपसे बहुत कुछ सीखने को है। आसानी से सर्वश्रेष्ठ। शाहरुख खान इन दिनों अपनी नई फिल्म जवान के कारण चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। जवान फिल्म ने रिकॉर्डतोड़ कमाई की और शाहरुख की एक्टिंग को फैंस ने काफी पसंद किया है। शाहरुख खान की जवान ने बॉक्स ऑफिस में तो झंडे गाड़े और रोमांस किंग ने एक्शन हीरो के रूप में लोगों के दिल में अपनी जगह बनाई। वैसे, गौतम गंभीर और शाहरुख खान की मुलाकात के बाद यह कयास लगाए जा रहे हैं कि पूर्व भारतीय ओपनर की कोलकाता नाइटराइडर्स खेमे में वापसी हो रही है। गौतम गंभीर ने अपनी कप्तानी में दो बार कोलकाता नाइटराइडर्स को आईपीएल चैंपियन बनाया है।

### दक्षिण अफ्रीका को लगा डबल झटका, दो प्रमुख खिलाड़ी हुए वर्ल्डकप से बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका को वर्ल्ध्ड कप 2023 से पहले दोहरा झटका लगा है। प्रमुख तेज गेंदबाज एनिरच नॉर्ट्जे और सिसांडा मगाला चोटिल होने के कारण आगामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। इस बात की पुष्टि दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के सफेद गेंद हेड कोच रॉब वॉल्टर ने की। दक्षिण अफ्रीका ने वर्ल्ड कप की 15 सदस्यीय टीम में इनके रिप्लेसमेंट की घोषणा कर दी है। एंडिल फेहलुकवायो और लिजाड विलियम्स को प्रोटियाज टीम में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्ट्जे को कमर में स्ट्रेस फ्रैक्चर हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में नॉर्ट्जे ने कमर में दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद उनका स्ध्कैन और परीक्षण किया गया। वहीं सिसांडा मगाला को आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए खेलते हुए चोट लगी थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान घुटने में दर्द की शिकायत की थी। मगाला को एहतियातन वर्ल्ड कप स्क्वाड से बाहर रखा गया है। हेड कोच ने क्या कहा एनरिच नॉर्ट्जे और सिसांडा मगाला के लिए काफी निराशाजनक है कि वो वर्ल्ड कप से बाहर हुए। दोनों क्वालीटी खिलाड़ी हैं और टीम में उनकी काफी अहमियत है। हमें उनके बाहर होने पर दुख है। जब भी वो प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लौटेंगे तो हमारा उन दोनों को पूरा समर्थन होगा।

### भारत का बेटा फिरंगियों से लेगा लोहा, मोटो जीपी में रच देगा इतिहास!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इटली, स्पेनिश, फ्रेंच और कई अन्य देशों के राइडर्स उद्घाटन मोटोजीपी भारत यानी ग्रैंड प्रिक्स ऑफ इंडिया में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। हालांकि राइडर्स की सूची में एक भारतीय नाम गायब था। कितनी विडंबना है ना! लेकिन जब चेन्नई के राइडर झंकंप लेंम्मद ह्यिउमक को मोटो3 वर्ग में पेट्रोनास डप्ा रेसिंग टीम के लिए एक सरप्राइज वाइल्डकार्ड दिया गया तो पूरी स्थिति बदल गई। अहमद, एक सोफ्त स्पोकन और रिजर्व रहने वाले व्यक्ति हैं। उन्हें जब मोटोजीपी भारत के लिए कॉल आई तो उनके पास अपनी उस फीलिंग को बताने के लिए शब्द नहीं थे। अहमद ने ज्ध्ए से बातचीत करते हुए कहा, श्बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में अपने घरेलू दर्शकों के सामने रेस करना मेरे लिए एक सपना सच होने जैसा होगा।
26 साल के अहमद के पास डवजव3 स्तर पर खेलने के लिए परिचय पत्र है। 2020 में, उन्हें प्रो–स्टॉक 400 में राष्ट्रीय चौंपियन का ताज पहनाया गया था। उन्होंने थाईलैंड सुपरबाइक 400 सीरीज और एशिया कप जापान जैसी अन्य प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में भी अच्छा प्रदर्शन किया। 2023 में, अहमद ने ज्टै रेसिंग के लिए एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप में भाग लिया। अहमद का सफर एक दशक से अधिक समय पहले शुरू हुआ था जब वह 13 साल के थे। वह सड़क पर रेस लगाया करते थे। पूर्व राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रेसिंग चौंपियन जगन कुमार ने अहमद को देखा और उन्हें चेन्नई में एक पेशेवर रेस ट्रैक पर ले गए।

पेज थ्री
देहरादून

देहरादून, शुक्रवार, 22 सितंबर 2023

हमारा दून



स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने एकात्मता की मूर्ति के अनावरण समारोह में किया सहभाग।



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क पर घूम रहे पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में छोड़ा

**संवाददाता** देहरादून। नगर निगम ने सड़कों से पशुओं को हटाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। पहले दिन निगम की टीमों ने 19 पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में छोड़ा है। निगम के वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. डीसी तिवारी ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश पर अभियान निरंजनपुर मंडी, मोहब्बेवाला, सहस्त्रधारा हेलीपैड, राजपुर, मयूर विहार, डोभाल चौक क्षेत्र में चलाया गया। बताया कि पशुओं को पकड़ने के लिए दो टीमें बनाई गई हैं। नगर आयुक्त मनुज गोयल ने पशुपालकों से अपील की है कि वह पशुओं को सड़क पर ना छोड़ें। इससे जहां ट्रैफिक बाधित होता है, वहीं, दुर्घटनाओं का भी खतरा बना रहता है। कहा कि सड़क पर पशुओं को छोड़ना दंडनीय अपराध है।

### ऋषिकेश कैंपस बाहरी लोग बेवजह प्रवेश नहीं कर सकेंगे

**संवाददाता** ऋषिकेश। श्रीदेवसुमन विवि के ऋषिकेश कैंपस में बेवजह घूमने वाले बाहरी लोगों पर रोक लगाने के लिए विवि प्रशासन सख्त रवैया अपनाने जा रहा है। अब कैंपस में सुबह 10रू45 बजे के बाद आने वाले हर व्यक्ति को अपना परिचय देना होगा।
छात्र–छात्राओं के परिचय पत्र भी जांचे जाएंगे। बेवजह परिसर में घूमने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। बीते लंबे समय से ऋषिकेश कैंपस में बाहरी लोगों की आवाजाही बनी हुई है।

### अवैध बार चलाने पर 45 का चालान

**संवाददाता** ऋषिकेश। होटल और रेस्टोरेंट को अवैध बार में तब्दील करने वाले संचालकों के खिलाफ मुनिकीरेती पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर 45 संचालकों का चालान किया है। पुलिस के मुताबिक मुनिकीरेती, तपोवन और सटे इलाकों में एसएसपी नवनीत भुल्लर के निर्देश पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने क्षेत्र के दर्जनों रेस्टोरेंट और होटलों में छापा मारा। चेकिंग में पुलिस को 45 होटल और रेस्टोरेंटों में लोग शराब पीते मिले। इस पर पुलिस ने मौके पर ही अवैध बार संचालकों का चालान किया।

### पॉलीकैब इंडिया ने एक नई ब्रांड पहचान आइडियाज. कनेक्टेड को लॉन्च किया

**संवाददाता** देहरादून। भारत की सबसे बड़ी वायर और केबल निर्माता और सबसे तेजी से बढ़ती एफएमईजी कंपनियों में से एक पॉलीकैब इंडिया ने अपनी एकदम नई ब्रांड पहचान को लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने अपनी नई फिलॉस्फी का भी खुलासा किया है। नई ब्रांड पहचान और नई फिलॉस्फी में कंपनी का भविष्य का बिजनेस रोडमैप झलकता है। प्रोजेक्ट लीप के तहत पॉलीकैब एक उल्लेखनीय परिवर्तन के दौर से गुजर रही है।

# डेंगू की रोकथाम हेतु सभी को सजग रहने की आवश्यकता

**बैठक**

■ मेयर गामा ने जनपद की विभिन्न हासिंग सोसायटी के सदस्यों एवं पार्षदों के साथ की बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु गुरूवार को नगर निगम बोर्ड बैठक सभागार में मेयर नगर निगम सुनील उनियाल गामा की अध्यक्षता में जनपद की विभिन्न हासिंग सोसायटी के सदस्यों एवं पार्षदों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में डेंगू पर नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु सुझाव के साथ ही विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा डेंगू से निपटने एवं प्रभावी नियंत्रण विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके उपरान्त मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम मनुज गोयल ने डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु वार्डवार नामित किये गए अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। मयेर नगर निगम सुनील उनियाल ने कहा कि डेंगू की रोकथाम हेतु सभी को सजग रहने की



आवश्यकता है, जिसके लिए सभी को आपसी सहयोग से कार्य करना है तथा इसमें जनभागीदारी भी आवश्यक है। सभी अपने आसपास साफ सुथरा रखना है तथा कहीं भी लार्वा न पनपे इसके लिए घरों अथवा घरों के आसपास पानी जमा न हो इसका ध्यान रखना है। उन्होंने कहा कि डेंगू के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन सहित सभी विभागों के अधिकारी कार्य कर रहे हैं, जल्द ही डेंगू पर नियंत्रण पा लेंगे। उन्होंने कहा कि डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगे अधिकारीध कार्मिक आपसी समन्वय से कार्य करते हुए सघन अभियान चलाएं तथा सजग होकर कार्य करें।

इसके उपरान्त मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम मनुज गोयल ने कहा  सभी अधिकारी, आशा फैसिलेटर से आशा का नम्बर लेंले तथा प्रत्येक दिन दिए गए क्षेत्र का निरीक्षण करें आशा कार्यकर्ती से समन्वय करें। आशा कार्यकर्ती जो घरों में जांच कर रही है कुछ घर भी देख लिए जाए यदि कोई आशा कार्यकर्ती ठीक प्रकार से कार्य नहीं कर पा रही है तो उसे उसका कार्य समझा दे कि किस प्रकार से सर्वे करना है लार्वा को नष्ट करना है। डेंगू नियंत्रण हेतु जरूरी है कि मच्छर का लार्वा पनपने न दिया जाए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान लोगों को समझाएं बताएं कि यदि उनके घरों में लार्वा मिलेगा तो अर्थदण्ड की कार्यवाही हो सकती है। लोगों को समझाते हुए मच्छर को न पनपने देने के साथ ही लार्वा नष्ट करने हेतु भी जागरूक करें।  इस अवसर पर वरिष्ठ फीजिशिएन डॉ एन.एस बिष्ट ने डेंगू के लार्वा से लेकर डेंगू मच्छर के जीवनकाल, डेंगू सक्रमण से बचाव एंव डेंगू होने पर क्या करें, क्या न करें की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करेंगे तथा लोगों को जागरूक करेंगे।

### आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को लेकर डीएम ने दिए निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट हेतु समस्त विभागो एवं उनके अधीनस्थ सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों, स्वायत्तशासी संस्थाओं, निकायों के द्वारा चिन्हित लैण्ड बैक की सूचना अद्यतन कर अपलोड करने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने वर्चअल माध्यम से बैठक कर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा– निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की सम्बन्धित सभी विभागीय अधिकारी जनपद में अपने विभाग की सम्पत्ति का विवरण  पब्लिक मैनजेमैंट पोर्टल पर अपलोड करेंगे। साथ ही कहा कि इस कार्य की प्रतिदिन मानिटिरिंग की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय सम्पत्ति के विवरण में किसी प्रकार की शंका हो तो  अपने विभागीय मुख्यालय स्तर पर भी वार्तालाप कर ली जाए। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर सूचना अद्यतन करने में यदि कहीं तकनीकि समस्या आ रही है तो जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से शंका का समाधान कर लें।

# कर्मचारियों से जुड़ी मांगों का जल्द निस्तारण कराने का आश्वासन

**आश्वासन**

■विधाई को भेजा गया प्रस्ताव, फेडरेशन के साथ बातचीत में सचिव कार्मिक ने दी जानकारी

**संवाददाता**

देहरादून। कर्मचारियों की सबसे बड़ी मांग पदोन्नति में शिथिलता को लेकर बात आगे बढ़ती नजर आ रही है। गुरुवार को उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसिएशन की सचिव कार्मिक के साथ हुई बैठक में बड़ी राहत दी गई। सचिव कार्मिक शैलेश बगोली ने बताया कि पदोन्नति में शिथिलता से जुड़े प्रकरण को विधायी के पास भेज दिया गया है।

**बढ़ेगी शैक्षिक योग्यता, मिलेगी ट्रेनिंग**

बैठक में मिनिस्टीरियल कर्मचारियों की शैक्षिक योग्यता बढ़ाने के साथ ही ट्रेनिंग देने पर भी सहमति बनी। एसीपी व्यवस्था लागू किए जाने को शासन स्तर से दोबारा परीक्षण होगा। एसजीएचएस कार्ड को और प्रभावी बनाने को पैथोलॉजी टेस्ट पर चंदन पैथोलॉजी सेंटर से करार किया जा चुका है। अन्य पैथोलॉजी सेंटर से भी बात की जा रही है। खाली पदों पर भर्ती सुनिश्चित कराई जाएगी।



सचिवालय में हुई बैठक में अध्यक्ष पूर्णानंद नौटियाल ने पदोन्नति में शिथिलता पर कोई फैसला न होने पर नाराजगी जताई। कहा कि इस मांग को पूरा करने में सरकार पर कोई भार नहीं पड़ रहा है। शासन की ओर से जल्द लाभ सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के गजट नोटिफिकेशन व मिनिस्ट्रीयल संवर्ग के कार्यदायित्व पर तत्काल प्रस्ताव प्रस्तुत करने के भी निर्देश कार्मिक अनुभाग को दिए।

मिनिस्टीरियल कार्मिको के सुगम से सुगम श्रेणी में पारस्परिक स्थानांतरण और समूह ग के कर्मचारियों को गृह तहसील में भी तैनात किए जाने का आश्वासन दिया। कहा कि अगली धारा 27 की बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों के पदों पर पदोन्नति को कुल सेवा 22 वर्ष अथवा एक वर्ष वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर निरन्तर सेवा पर पर जल्द शासनादेश जारी करने का आश्वासन दिया। मिनिस्टीरियल कर्मचारियों की भी कॉमन सेवा नियमावली बनाई जाएगी।

बैठक में सचिव कार्मिक शैलेश बगोली, सचिव वित्त दिलीप जावलकर, अपर सचिव वित्त गंगा प्रसाद, अपर सचिव कार्मिक ललित मोहन रयाल, महामंत्री मुकेश बहुगुणा, सुनील दत्त कोठारी, दीप चंद्र बुडलाकोटी, मुकेश ध्यानी आदि मौजूद रहे।

### साइबर ठगी की रकम को क्रिप्टो में बदलने वाले दो पकड़े

**संवाददाता** देहरादून। साइबर ठगी की रकम खाते में ट्रांसफर होने पर उसे क्रिप्टो करेंसी में बदलकर साइबर गैंग को वापस बेचने वाले दो आरोपी एसटीएफ ने पकड़े हैं। दोनों को पूछताछ के बाद धारा 41 के तहत नोटिस देकर छोड़ दिया गया। दोनों दक्षिण भारतीय एक व्यक्ति से व्हाट्सएप के जरिए संपर्क में आए थे। उसके लिए दोनों काम कर रहे थे।
एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि प्रियंका नेगी ने 18. 11 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी को लेकर मुकदमा दर्ज कराया। कहा कि ब्रांडलूम डिजिटल मार्केटिंग कंपनी से बनाकर साइबर ठगों ने ऑनलाइन कमाई का झांसा देकर उनसे यह रकम ठगी। तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन देहरादून में केस दर्ज किया। केस की जांच इंस्पेक्टर विकास भारद्वाज को सौंपी गई। जांच में सामने आया कि पीड़ित से ठगी गई रकम में कुछ राशि यस बैंक के एक खाते में जमा कराई गई।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।